SYNERGY

बीआरपीएल की ओर से सभी उपभोक्ताओं को
दुर्गा पूजा, दशहरा, ईद उल जुहा और दीपावली की शुभकामनाएं

BSES
BSES Rajdhani Power Limited
... दिल्ली सरकार के साथ एक संयुक्त उद्यम
अक्टूबर – 2014

फॉर्च्यून इंडिया की रैंकिंग में बीआरपीएल सर्वाधिक प्रशंसित बिजली कंपनी

FORTUNE INDIA

देश की प्रतिष्ठित समाचार पत्रिकाओं में से एक, फॉर्च्यून इंडिया के अगस्त 2014 अंक में कॉरपोरेट संस्थाओं की तीसरी वार्षिक रिपोर्ट प्रकाशित हुई है, जिसमें भारत की सर्वाधिक प्रशंसित कॉरपोरेट संस्थाओं की रैंकिंग की गई है। इसे नाम दिया गया है – थर्ड ऐनुअल रैंकिंग ऑफ कॉरपोरेट इंडियाज मोस्ट एडमायर्ड कंपनीज।

सभी सेक्टरों की ओवरऑल रैंकिंग में बीआरपीएल को 35वें स्थान पर रखा गया है। इस लिस्ट में कुल 45 संस्थाएं हैं। *बीआरपीएल, इस सूची में पूर्ण रुप से शामिल होने वाली अकेली बिजली वितरण कंपनी है।*

खास बात यह है कि इसमें आईटीसी, एलएंडटी, हिंदुस्तान लीवर, टीसीएस, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया टाटा मोर्टस और एनटीपीसी जैसी जानी मानी कंपनियां भी शामिल थी।

बिजली सेक्टर की रैंकिंग में, बीआरपीएल को तीसरा और बीवाईपीएल को पांचवां स्थान मिला है।

200 से अधिक उपभोक्ताओं ने आंख शिविर में भाग लिया

उपभोक्ताओं तक पहुंचने के कार्यक्रम के तहत बीआरपीएल ने हाल ही में गुरुद्वारा मादीपुर में आंख शिविर का आयोजन करवाया। इस शिविर का आयोजन डॉ कपूर "द हीलिंग टच आई" के सहयोग से किया गया जिसमें 200 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। इस दौरान 106 चश्में वितरित किये गये और 20 कैटरेक्ट सर्जरी की सुविधा भी मुहैया करवायी गई।

महत्वपूर्ण सूचना (चेक अस्वीकृत होने पर)

डीईआरसी द्वारा हाल ही में जारी टैरिफ ऑर्डर 2014–15 के अनुसार अगर कोई भी चेक अस्वीकृत हो जाता है तो उपभोक्ता को चेक के जरिए बिल के भुगतान के लिए एक अंतिम अवसर दिया जाएगा।

अगर उपभोक्ता का चेक 3 महीनें की अवधि के भीतर दोबारा अस्वीकृत हो जाता है तो उपभोक्ता को अगले 6 महीनें की अवधि के लिए डिमांड ड्राफ्ट के जरिए ही भुगतान करना होगा।

उपरोक्त बातों को ध्यान में रखते हुए उपभोक्ताओं से अनुरोध किया जाता है कि चेक जारी करते हुए ये सुनिश्चित कर लें कि उनका चेक बैंक द्वारा अमान्य न हो।

ऊर्जा दक्षता पर चर्चा हेतु बीएसईएस ने 'पावर कॉन्क्लेव' आयोजित किया

ऊर्जा संसाधनों को फैलाने के उद्देश्य से प्रभावी और स्थायी तरीके खोजने के लिए सरकार और दुनिया की प्राइवेट एटंरप्राइजेज एक साथ मिलकर कार्य कर रही हैं। बीएसईएस भी इस दिशा में टेक्नोलॉजिस्ट के साथ मिलकर पहल कर चुकी है।

इस कड़ी में बीआरपीएल ने हाल ही में जरमी (गुजरात एनर्जी रिसर्च एंड मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट), मेसर्स इकलोब्रियम, मेसर्स हर्षा अबाकुस सोलर और मेसर्स एनर्जीनॉमिक के साथ मिलकर 'पावर कॉन्क्लेव' का आयोजन किया।

ऊर्जा दक्षता और डीएसएम के क्षेत्र में विकास के प्रर्दशन के अलावा कॉन्क्लेव में प्रख्यात वक्ताओं ने इस क्षेत्र में हुई उपलब्धियों पर अपने विचार रखे। बीएसईएस ने भी अपने नये प्रयासों जैसे *क्लाउड बेस्ड* आधारित **कंज्युमर्स पोर्टल** के बारे में अवगत कराया जो उपभोक्तों को बिलों को कम करने में मदद कर सकता है।

फ्री एसएमएस और ईमेल पर बिल पाने के लिए रजिस्ट्र करें और लकी ड्रॉ में इनाम जीतें

क्या आपको बीआरपीएल की ओर से भुगतान देय तिथि या भुगतान पुष्टि का फ्री एसएमएस अलर्ट मिल रहा है? या आपको मेल बॉक्स पर ई–बिल प्राप्त हो रहा है? यदि नहीं तो कृपया अपने मोबाइल नंबर और और ईमेल आईडी को रजिस्टर्ड करायें। इससे आपको अत्यधिक उपयोगी अलर्ट प्राप्त होगी।

रजिस्टर करना आसान

- बीआरपीएल के 24 x 7 हेल्पलाइन नंबर 399–99–707 पर कॉल करें या
- brpl.customercare@relianceada.com पर ईमेल करे

बीआरपीएल पर मोबाइल नंबर और और ईमेल आईडी को रजिस्टर्ड कराने से न आपको सिर्फ उपयोगी अलर्टस् प्राप्त होंगे बल्कि इनाम जीतने का मौका भी मिलेगा। प्रत्येक महीने 3 विजेताओं का नाम लकी ड्रॉ के जरिए चुना जाएगा।

लकी ड्रॉ विजेता (सितंबर के लिए) – श्रीमती धनालक्ष्मी मेनन (द्वारका), श्री बी के अग्रवाल (जी के 3) और श्री नवनीत शर्मा (टाटा कम्युनिकेशन की ओर से) (वीएसएनएल भवन) ने बीआरपीएल के सीईओ श्री अरविंद गुजराल से पुरस्कार प्राप्त किया।

To advertise in Synergy, please call Twohmp at 9650804539 or email : direct@twohmp.in
BSES Rajdhani Power Limited is not legally responsible for the contents of the advertisements in Synergy